# 2-4 उद्योगपतियों के हाथ में देश की अर्थव्यवस्था




**सोनू यादव**

**मांडू, 21 जुलाई. धार जिले के मांडू में चल रहे मध्यप्रदेश कांग्रेस के 2 दिवसीय नव संकल्प शिविर के पहले दिन राहुल गांधी ने वर्चुअल माध्यम से विधायकों को संबोधित किया.**

इसके अलावा प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ (वर्चुअल) पवन खेड़ा, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा और मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवंदेव इसरानी ने भी अलग अलग मुद्दों पर अपने विचार साझा किए. कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई. शिविर में कांग्रेस के सभी विधायक और वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे.

- मांडू में राष्ट्रगान के साथ कांग्रेस के नव संकल्प शिविर
- वर्चुअल जुड़े राहुल, वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधित

इसके अलावा अलग अलग सत्रों में प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा और मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवंदेव इसरानी ने भी विधायकों के साथ संवाद कर जानकारी और अनुभव साझा किया. मंगलवार शिविर के दूसरे दिन भी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता विधायकों और पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे.



## आज देश का हर वर्ग परेशान : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दो-चार उद्योगपतियों के हाथ में है. इससे हर वर्ग परेशान है. अगर मप्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो यहां जनगणना कराएंगे. नौकरियों में दलित, पिछड़ों, आदिवासियों को मौका देंगे. गांधी ने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाती है. महाराष्ट्र के बाद मप्र में भी चुनाव चोरी हो सकता है, इसलिए भिड़कर चुनावी तैयारी करना है. वरिष्ठ और युवा नेता सामंजस्य बनाकर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करें. इस तरह के आयोजनों को जारी रखते हुए सड़क पर भी आंदोलन करने की बात राहुल गांधी ने कही.



## जातिगत जनगणना राहुल गांधी की बड़ी सोच : हरीश चौधरी

प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा अगला चुनाव एआई से मैनेज रहेंगे. कांग्रेस को सोशल मीडिया को हथियार बनाना पड़ेगा. सोच को बदलना होगा. पार्टी से बड़ा कोई नहीं. संगठन मेरे ही अनुसार चले यह जिद छोड़नी पड़ेगी. उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना राहुल गांधी की बड़ी देन है. प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने स्पष्ट कहा कि पार्टी 'मैं' नहीं, 'हम' से चलेगी. नेताओं को निजी पसंद-नापसंद से ऊपर उठकर सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी.




## सरकार के इशारे पर काम कर रही ईडी और सीबीआई : तन्खा

झूठे मुकदमे, जांच एजेंसियां, सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग पर वर्चुअल जुड़कर राज्यसभा के सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि ईडी, सीबीआई सरकार के इशारे पर काम कर रही है. हमें कांग्रेस के लीगल डिपार्टमेंट को मजबूत बनाना होगा. बार काउंसिल के सदस्यों को भी उसमें जोड़ना होगा. उन्होंने कहा कि हमने 17 वकीलों की टीम तैयार की है. हमें डरने की बजाय, कानून का सहारा लेना होगा और अपने अधिकारों की जानकारी भी हमें होनी चाहिए.



## नौजवानों और किसानों के लिए चुनौती भरा समय

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि यह समय नौजवानों और किसानों के लिए चुनौती भरा है. निवेश आकर्षण से आता है डिमांड से नहीं. मध्य प्रदेश में निवेश लाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है.



## पार्टी शरीर है और विधायक उसका चेहरा

मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी शरीर है और विधायक उसका चेहरा है. हमारे पास 3 वर्ष और 4 का समय है. कांग्रेस के लिए यह परीक्षा की घड़ी है और 2028 में हमें पास होना है.



## भाजपा की सरकार घोटालों से घिरी है और जनता त्रस्त : उमंग

मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार घोटालों से घिरी है और जनता त्रस्त है. किसान खाद के लिए मारा मारा फिर रहा है. यह शोषण के खिलाफ महिला, युवा, गरीब, आदिवासी और प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों की खुशहाली का नव संकल्प है.


बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI रिश्तों की जमापूंजी

बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय, घरेलू अनुषंगी प्रबंधन प्रभाग, सातवीं मंजिल, स्टार आवास, सी-5, "जी" ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051. ई-मेल: Headoffice.SDM@bankofindia.co.in

**बैंक ऑफ इंडिया इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीओआईआईएमपीएल) के बैंक ऑफ़ इंडिया के विनिवेश हेतु निवेश बैंकर (ओं) /मर्चेंट बैंकर(ओं) का चयन/नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफ़पी)।**

- बोली जमा करने की अंतिम तारीख 11.08.2025 को संध्या 4:00 बजे तक है।
- विस्तृत जानकारी बैंक की कॉरपोरेट वेबसाइट www.bankofindia.co.in पर "निविदा" अनुभाग में 21.07.2025 से उपलब्ध है।


# गर्भगृह में जबरन घुसा विधायक का बेटा

## कर्मचारी ने टोका तो उसे धमकाया

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर / उज्जैन. विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में सोमवार 21 जुलाई को एक बड़ी घटना सामने आई, जिसने श्रद्धालुओं और जनता के बीच आक्रोश पैदा कर दिया.**

इंदौर-1 से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला ने मंदिर के पवित्र गर्भगृह में जबरन प्रवेश किया. यह घटना उस समय हुई जब सावन के दूसरे सोमवार को भस्म आरती के बाद मंदिर के पट खोले गए थे. विधायक गोलू शुक्ला भी अपने बेटे के साथ मौजूद थे और इस दौरान उन्होंने समर्थकों के साथ मंदिर में प्रवेश किया. मंदिर के कर्मचारी आशीष दुबे ने रुद्राक्ष को गर्भगृह में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की, लेकिन रुद्राक्ष ने न केवल उनकी बात अनसुनी की, बल्कि उन्हें धमकी भी दी. यह घटना मंदिर के नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि गर्भगृह में केवल पुजारियों और विशेष अनुमति प्राप्त व्यक्तियों का प्रवेश ही होता है. आम श्रद्धालुओं के लिए यह क्षेत्र पूरी तरह प्रतिबंधित है और लंबी कतारों में लगकर वे केवल दर्शन तक सीमित रहते हैं. रुद्राक्ष और उनके पिता गोलू शुक्ला रविवार रात कांवड़ यात्रा के साथ उज्जैन पहुंचे थे. सोमवार तड़के करीब ढाई बजे भस्म आरती के समय वे मंदिर पहुंचे. मंदिर के गलियारे में प्रवेश करने के बाद, रुद्राक्ष और उनके समर्थकों ने देहरी पार कर गर्भगृह की ओर बढ़ना शुरू कर दिया. आशीष दुबे ने जब उन्हें रोका, तो दोनों के बीच बहस हुई.



# राजा हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम ने जेल में काटा एक महीना

- जेल के माहौल में खुद को ढाल लिया

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जेल में रहते हुए एक महीना पूरा हो गया है. इस दौरान न तो उसके चेहरे पर पति की हत्या को लेकर कोई अपराधबोध दिखाई दिया और न ही उसके परिवार का कोई सदस्य उससे मिलने पहुंचा. शिलांग जेल प्रशासन के मुताबिक सोनम ने खुद को जेल के माहौल के अनुरूप ढाल लिया है और अब सामान्य दिनचर्या का पालन कर रही है.**




सूत्रों के मुताबिक सोनम रघुवंशी जेल मैनुअल का पूरी तरह पालन कर रही है. वह सुबह तय समय पर उठती है और बाकी महिला कैदियों के साथ घुलमिलकर रह रही है. उसे जेल वार्डन के कार्यालय के पास एक बैरक में दो अन्य विचाराधीन महिला कैदियों के साथ रखा है. हालांकि फिलहाल उसे जेल में कोई काम नहीं सौंपा है, लेकिन जल्द ही उसे सिलाई और कौशल विकास संबंधी कार्यों में लगाया जा सकता है. जेल के नियमों के अनुसार सोनम को टीवी देखने की सुविधा के साथ-साथ परिवार से मिलने और बात करने की भी अनुमति है. सोनम अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या या अपने वैवाहिक जीवन को लेकर जेल में किसी से कोई चर्चा नहीं करती है. जेल सूत्रों का कहना है कि वह बाहरी दुनिया से पूरी तरह कटकर जेल के माहौल में खुद को व्यवस्थित कर चुकी है. मेघालय की शिलांग जेल में महिला कैदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय रखने के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जाती हैं, जिसमें सोनम को भी धीरे-धीरे शामिल किया जाएगा.

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

इंडिगो एयरलाइंस की ओर से जारी प्रारंभिक बयान में कहा गया कि इंदौर की फ्लाइट के दौरान एक तकनीकी चेतावनी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग का निर्णय लिया. सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें सामान्य रूप से विमान से बाहर निकाला गया, जिसके तुरंत बाद तकनीकी टीम द्वारा विमान की जांच की जा रही है. यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है. एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, लैंडिंग के दौरान किसी तरह की अफरा-तफरी या घायल होने की सूचना नहीं है.

### अब डीजीसीए करेगा तकनीकी जांच

घटना की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानि कि डीजीसीए को भेजी गई है. नियमानुसार, विमान की तकनीकी गड़बड़ी और उड़ान सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े सभी पहलुओं की जांच डीजीसीए की अधिकृत टीम द्वारा की जाएगी. प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, गड़बड़ी हाइड्रोलिक सिस्टम से जुड़ी प्रतीत होती है, हालांकि अंतिम पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी.

**उत्साह** | अलसुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखने को मिलीं

# ओंकारेश्वर में आस्था का सैलाब

**ओंकारेश्वर, 21 जुलाई. सावन माह के दूसरे सोमवार को ओंकारेश्वर तीर्थ नगरी में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा. अलसुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखने को मिलीं.**

मंदिर में भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का अद्भुत श्रृंगार किया गया. भोले शंभू, नमः शिवाय और बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा. कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया. मां नर्मदा के तट पर बसी ओंकारेश्वर नगरी, जहां एक ओर स्वयंभू ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थित है, वहीं दूसरी ओर भगवान ममलेश्वर का ज्योतिर्लिंग, दोनों के दर्शन हेतु देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थल सावन के पवित्र अवसर पर अद्वितीय छटा बिखेरता है. मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन हुआ.




सोमवार को शाम 3 बजे भगवान ओंकारेश्वर-ममलेश्वर महादेव की सवारी मंदिर से निकाली जाएगी. इस दौरान पहले नर्मदा नदी में नौका विहार होगा, फिर घाटों पर विशेष अभिषेक अनुष्ठान संपन्न होगा. इसके उपरांत भगवान की सवारी पुनः नौका विहार करते हुए नगर भ्रमण करेगी और रात्रि 10:30 बजे पुनः मंदिर लौटेगी. सवारी दर्शन के लिए भक्तों में खासा उत्साह है. प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई है. नदी क्षेत्र में गोताखोर और नौका दल तैनात किए गए हैं. नगर भ्रमण मार्ग पर पुलिस बल और वालंटियर की तैनाती की गई है.


NOTICE OF THE 15th ANNUAL GENERAL MEETING 2025

( ONLY FOR THE MEMBERS )

AGM/2025

**Aditya-Anagha**
Multi State Credit Co-Operative Society Ltd.,Nagpur ( MSCS/CR/398/2011 )

**HEAD OFFICE :** 379, Ganesh Nagar, Azamshaha Layout, Nagpur-440009 ( M.S.) India. Phone : 0712-2743550
adityaanagha9@gmail.com www.adityaanagha.com

Date : 22nd July 2025

The 15th Annual General Meeting of **"Aditya-Anagha Multi-State Credit Co-Operative Society Ltd., Nagpur"**, Reg. No. MSCS/CR/398/2011 will be held **on Tuesday, the 05th Day of August 2025 at 10.00 am at Ashirwad Banquets, Maharajbagh Road, Variety Square, Sitabuldi, Nagpur, Maharashtra - 440012.**

All Members are requested to attend the Annual General Meeting.

( Samir S.Saraf )
Managing Director

**SUBJECT TO BE TRANSACTED :** 1) To read and confirm the minutes of the Annual General Meeting held on 05th August 2024. 2) To confirm and accept the Balance Sheet, Profit & Loss Statement for the year ended 31st March 2025. 3) To confirm and accept the Profit Appropriation as per recommendation of the Board. 4) To consider the Budget for the year 2025-2026 as per the recommendation of Board. 5 ) To sanction the excess expenses over the budget for the year 2024-2025. 6 ) To approve Statutory Auditor's Report for the year 2024-2025 and confirm the Audit Compliance Report thereof. 7 ) To take a note of Loan and Advances outstanding from the Directors & their relatives during the year 2024-2025 (vide section 39(3) of Multi-State Co-op. Societies Act 2002). 8 ) To sanction & fix the Credit Exposure limit for outside borrowing by the society for the period 2025-2026. 9 ) To appoint & fix the Remuneration of the Statutory Auditor for the year 2025-2026. 10 ) To appoint an Arbitrator for the year 2025-2026. 11 ) To Ammend BYE-LAWS of the Society as per Multi-State Cooperative Societies (MSCS) (Amendment 2023) 12 ) To Open New branches in the Jurisdiction of the Society. 13 ) To approve the Digitalization expenses for the year 2025-2026. 14 ) To declare the list of employees who are the relatives of the members of the Board of Directors. 15 ) To review, discuss & approve the property purchased for the society as per the objectives of the society. 16 ) To discuss to extend the Jurisdiction of the Society. 17 ) Discussion on queries from the members received 3 days prior to the AGM. 18 ) To consider any other matters with the permission of Hon'ble Chairperson.

**Note :** 1) If the Quorum is not fulfilled then the meeting will be adjourned for half an hours and such adjourned meeting will then be held at the same date, at the same place which will not require the quorum. 2) Members are requested to give a 3 day's prior notice to the head office in case they require any information from the society. 3) Membership will be dissolved if a member remains absent for AGM Consecutively for 3 years as per Section 29 of Multi -State Co-op. Soc. Act. 2002.

**BALANCE SHEET AS AT - 31st MARCH 2025**

| SCHEDULE | LIABILITIES | AS AT 31st MARCH 2025 ( Rs. In Lakhs ) | AS AT 31st MARCH 2024 ( Rs. In Lakhs ) | SCHEDULE | ASSETS | AS AT 31st MARCH 2025 ( Rs. In Lakhs ) | AS AT 31st MARCH 2024 ( Rs. In Lakhs ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SHARE CAPITAL | 6,056 . 00 | 5,375 . 29 | 7 | CASH IN HAND | 415 . 21 | 354 . 31 |
| 2 | RESERVE FUND & OTHER RESERVES | 1,116 . 85 | 818 . 00 | 8 | BALANCES WITH OTHER BANKS | 1,551 . 60 | 1,127 . 31 |
| 3 | DEPOSITS & OTHER ACCOUNTS | 1,22,540 . 47 | 1,09,511 . 23 | 9 | INVESTMENTS | 53,691 . 92 | 50,003 . 51 |
| 4 | BORROWING | 5,677 . 17 | 4,613 . 49 | 10 | OTHER DEPOSITS | 16 . 66 | 14 . 35 |
| 5 | OTHER LIABILITIES, ADVANCES & PROVISIONS | 2,548 . 80 | 1,853 . 00 | 11 | LOANS & ADVANCES | 59,011 . 11 | 52,817 . 02 |
| 6 | PROFIT & LOSS | 470 . 06 | 365 . 55 | 12 | OTHER RECEIVABLES | 13,192 . 14 | 8,757.08 |
| | | | | 13 | OTHER ADVANCES & PROVISIONS | 7,637 . 79 | 6,903 . 82 |
| | | | | 14 | OTHER FIXED ASSETS | 2,798 . 49 | 2,430 . 20 |
| | | | | 15 | CLOSING STOCK | 94 . 40 | 128 . 95 |
| | TOTAL LIABILITIES | 1,38,409 . 34 | 1,22,536 . 55 | | TOTAL ASSETS | 1,38,409 . 34 | 1,22,536 . 55 |

**PROFIT & LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED - 31st MARCH-2025**

| SCHEDULE | EXPENDITURE | AS AT 31st MARCH 2025 ( Rs. In Lakhs ) | AS AT 31st MARCH 2024 ( Rs. In Lakhs ) | SCHEDULE | INCOME | AS AT 31st MARCH 2025 ( Rs. In Lakhs ) | AS AT 31st MARCH 2024 ( Rs. In Lakhs ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | INTEREST ON DEPOSITS AND BORROWING | 10,162 . 70 | 7,542 . 43 | 12 | INTEREST ON LOANS AND INVESTMENT | 16,138 . 77 | 12,455 . 81 |
| 2 | COMMISSION PAID ON DEPOSITS | 2,098 . 86 | 2,201 . 12 | 13 | MANAGEMENT FUNDS | 149 . 35 | 298 . 76 |
| 3 | SALARIES & ALLOWANCES | 1,994 . 81 | 1,370 . 92 | 14 | OTHER INCOME | 173 . 15 | 186 . 68 |
| 4 | RENT & TAXES | 199 . 85 | 139 . 78 | 15 | COMMISSION RECEIVED | 0 . 84 | 0 . 85 |
| 5 | INSURANCE & LIGHTING | 170 . 02 | 126 . 50 | | | | |
| 6 | POSTAGE & TELEPHONE | 18 . 49 | 30 . 08 | | | | |
| 7 | PRINTING & STATIONERY | 27 . 70 | 30 . 35 | | | | |
| 8 | AUDIT FEES | 17 . 26 | 22 . 60 | | | | |
| 9 | STATUTORY EXPENSES | - | 1 . 26 | | | | |
| 10 | DEPRECIATION | 380 . 58 | 319 . 66 | | | | |
| 11 | MISCELLANEOUS EXPENSES | 921 . 77 | 791 . 85 | | | | |
| | TOTAL EXPENSES | 15,992 . 05 | 12,576 . 55 | | TOTAL INCOME | 16,462 . 11 | 12,942 . 09 |
| | NET PROFIT | 470 . 06 | 365 . 54 | | | | |
| | GRAND TOTAL | 16,462 . 11 | 12,942 . 09 | | GRAND TOTAL | 16,462 . 11 | 12,942 . 09 |

SHRIDHAR B. LANDE ( CHAIRPERSON ) | ANAGHA S. SARAF ( VICE PRESIDENT ) | SAMIR S. SARAF ( MANAGING DIRECTOR )

FOR M/S A. P. SANZGIRI & CO. CHARTERED ACCOUNTANTS
FIRM REGISTRATION NO. 116293W
C.A. PALAK AGRAWAL ( PARTNER )
M. No. : 431130 UDIN : 25431130BPQGLP1819

**AUDITOR'S REPORT**

**As required under Section 73 read with Rule 27 of the Multi State Co-Operative Societies Act, 2002**

We have audited the attached Balance Sheet of **Aditya Anagha Multi State Credit Co-Operative Society Ltd.** as at **31st March 2025** and also the Profit & Loss Account for the year ended on that date in which are incorporated the returns of Eighty Eight Branches and Head Office audited by us.

These financial statements are the responsibility of the Society's Management. This responsibility includes the design, implementation and maintenance of the internal control relevant to the preparation of the financial statements that are free from material misstatement whether due to fraud or error. Our responsibility is to express an opinion on these financial statements based on our audit.

We have conducted our audit in accordance with auditing standards generally accepted in India. Those standards require that we plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatements. An audit includes examining, on a test basis, evidence supporting the amount and disclosure in the financial statements. An audit also includes assessing the accounting principles used and significant estimates made by management, as well as evaluating the overall financial statement presentation. We believe that our audit provides a reasonable basis for our audit opinion.

**We report that : -** 1 ) The Balance Sheet & Profit & Loss Account has been drawn up in accordance with law. 2 ) We have obtained all information and explanation, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit and we have found them to be satisfactory. 3 ) In our opinion, proper books of accounts have been prepared by the society, so far as it appears from our examination of the books. 4 ) The Balance Sheet and Profit and Loss account dealt with by the report are in agreement with the books of accounts maintained by the society. 5 ) The Scope of audit and report of the Internal Auditor is adequate considering the size and the nature of the Multi state Co-operative society. 6 ) The Transactions which have come to our notice have been within the powers of the society. 7 ) The Returns received from the offices and branches have been found adequate for the purpose of our audit. 8 ) In our opinion, the Balance Sheet and Profit and Loss account dealt by this report comply with the Accounting Standards issued by The Institute of Chartered Accountants of India except reported. 9 ) There has not been any material impropriety or irregularity in the expenditure or in the realization of money due except inadequate provision for overdue accounts. 10 ) The Society has credited Rs. 64.71 crores to the Profit and Loss account towards the revaluation of the properties which is a notional profit. 11 ) Subject to notes on Accounts and our observations as above, in our opinion, and to the best of our information and according to the explanation given to us, the said accounts give all the information required by the Multi State Co-operative Act, 2002 in the manner so required and give a true and fair view.

- In case of Balance Sheet, of the state of affairs of the Multi-State Co-Operative Society at the end of the financial year as at 31.03.2025 and,
- In case of Profit and Loss account of the Profit for its financial year ended as on that date.

**Place : Nagpur**
**Date : 25 / 06 / 2025**

FOR M/S A. P. SANZGIRI & CO.
CHARTERED ACCOUNTANTS
FIRM REGISTRATION NO. 116293W
**( C.A. PALAK AGRAWAL )**
PARTNER
M. No. : 431130
UDIN : 25431130BPQGLP1819


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7390/60**